# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

https://mpcci.in

# e अर्थवार्ता
## मासिक पत्रिका


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 27, अंक : 10
- माह : अप्रैल 2025


**APRIL 2025**



# CHINAPLAS-2025

## MPCCI प्रतिनिधि मण्डल ने वैश्विक औद्योगिक नवाचारों से बढ़ाया मेलजोल

### प्रतिनिधि मण्डल ने CHINAPLAS-2025 में दिखाई सक्रिय भागीदारी

### प्लास्टिक और रबर उद्योग की अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय तकनीकों से हुए रूबरू

प्लास्टिक एवं रबर उद्योग पर आधारित एशिया के सबसे बड़े और विश्व के अग्रणी अंतरराष्ट्रीय मेले CHINAPLAS - 2025 का आयोजन 15 से 18 अप्रैल 2025 तक **Shenzhen World Exhibition and Convention Center**, चीन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह 37वीं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी 3.8 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली थी, जिसमें 19 विशाल प्रदर्शनी हॉलों में 4,500 से अधिक वैश्विक प्रदर्शकों और 70,000 से अधिक विदेशी आगंतुकों ने भाग लिया।

मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (MPCCI) की ओर से इस आयोजन में 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया, जिसमें मानसेवी सचिव – दीपक अग्रवाल, श्री धीरज गुप्ता, श्री पंकज खेतान, श्री विवेक अग्रवाल, श्री गर्वित अग्रवाल एवं श्रीमती अमिता खेतान शामिल थे।

**MPCCI** प्रतिनिधिमंडल को प्लास्टिक प्रोसेसिंग और सतत निर्माण (सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग) में उपयोग होने वाली अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों से परिचित होने का अवसर प्राप्त हुआ। लाइव डेमो और विस्तृत तकनीकी सत्रों के माध्यम से प्रतिनिधियों ने ऑटोमेशन, पर्यावरण–अनुकूल सामग्री और उन्नत रीसाइक्लिंग प्रक्रियाओं की गहराई से जानकारी प्राप्त की।

प्रदर्शनी में प्रमुख वैश्विक कंपनियों के अलावा 980 "Shining Niche" कंपनियों और 260 "Little Giants" कंपनियों ने भाग लिया। इस आयोजन में 120 से अधिक वैश्विक नवाचार परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ, जो नई ऊर्जा वाहन, चिकित्सा उपकरण, रोबोटिक्स और ग्रीन पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित रहीं।

**MPCCI** प्रतिनिधिमंडल को निम्नलिखित अत्याधुनिक तकनीकों को देखने और समझने का अवसर मिला।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग, स्मार्ट मोल्डिंग सिस्टम, ऑटोमैटिक ब्लो मोल्डिंग, विजन इंस्पेक्शन टेक्नोलॉजी।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को रबर एवं प्लास्टिक उद्योग से संबंधित मशीनरी एवं कच्चे माल से जुड़ी नवीनतम तकनीकों और नवाचारों को नजदीक से देखने और समझने का भरपूर अवसर प्राप्त हुआ। यह अनुभव भविष्य में औद्योगिक विकास और तकनीकी उन्नयन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षणों में Recycling Tech Zone, Bioplastics Zone और Recycled Plastics Zone के अंतर्गत ग्रीन टेक्नोलॉजी के लाइव डेमो विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे।

**MPCCI** प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा अत्यंत ज्ञानवर्धक और सफल रही। इससे उद्योग के नवीनतम रुझानों को समझने और प्लास्टिक एवं रबर क्षेत्र में व्यापार विकास के नए अवसरों को तलाशने में मदद मिलेगी।

## "MPCCI प्रतिनिधिमंडल का शेन्ज़ेन की रबर एवं प्लास्टिक इंडस्ट्री में सफल औद्योगिक संवाद, सहयोग की संभावनाएं प्रबल"



MPCCI के प्रतिनिधिमंडल ने चीन के शेन्ज़ेन में स्थित एक प्रमुख रबड़ एवं प्लास्टिक उत्पाद निर्माता इकाई का औद्योगिक दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल में मानसेवी सचिव – दीपक अग्रवाल, श्री विवेक अग्रवाल एवं श्री गर्वित अग्रवाल शामिल थे।

यात्रा के दौरान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) द्वारा प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत किया गया तथा भविष्य में आपसी सहयोग की इच्छा व्यक्त की गई। कंपनी के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधिमंडल को कंपनी के इतिहास, ग्राहक आधार, उत्पाद पोर्टफोलियो एवं वैश्विक उपस्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय उद्योगों और शेन्ज़ेन स्थित उद्योगों के बीच प्लास्टिक और रबर घटकों की आपूर्ति को लेकर संभावित सहयोग के अवसरों का अन्वेषण करना था। बैठक में तकनीकी विनिमय और नवाचार जैसे आपसी रुचि के विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल को कंपनी की उत्पादन इकाई का गाइडेड टूर कराया गया, जिसमें कच्चे माल की प्रोसेसिंग, उत्पादन तकनीकों और तैयार उत्पाद खंड को गहराई से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

# CHINAPLAS-2025
# झलकियाँ























# CHINAPLAS-2025

# झलकियाँ











































http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# पहलगाम नृशंस आतंकी नरसंहार में शहीद हुए भारत के सपूतों को 'चेम्बर भवन' में शहर के व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों द्वारा दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## माननीय प्रधानमंत्री-श्री नरेन्द्र मोदी जी से आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए कड़ी कार्यवाही की मांग

## विभिन्न संगठनों द्वारा प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम-श्री विनोद सिंह को सौंपा ज्ञापन

## 'चेम्बर भवन' से महाराज बाड़ा तक आक्रोश रैली निकालकर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ किया गया विरोध-प्रदर्शन





पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी नरसंहार में शहीद हुए भारत के सपूतों को 'चेम्बर भवन' में दिनांक 25 अप्रैल 2025 को शहर के व्यापारिक–औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में कारोबारियों द्वारा अपनी विनम्र एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही, इस अवसर पर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ तीव्र आक्रोश व्यक्त कर, भारत के माननीय प्रधानमंत्री–श्री नरेन्द्र मोदी जी से आतंकवाद को जड़ से मिटाने एवं पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने तथा पीओके को भारत में शामिल करने तक कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं शहर के व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों द्वारा एक ज्ञापन, माननीय प्रधानमंत्री–श्री नरेन्द्र मोदी जी के नाम एसडीएम, झांसी रोड श्री विनोद सिंह को पदाधिकारियों द्वारा सौंपा गया।

एसडीएम–झांसी रोड, श्री विनोद सिंह ने इस अवसर पर कहा कि आपकी भावनाओं एवं शब्द रूपी ज्ञापन को माननीय प्रधानमंत्री जी तक शीघ्र पहुँचाया जाएगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा माननीय प्रधानमंत्री–श्री नरेन्द्र मोदी को दिए जाने वाले ज्ञापन का वाचन किया गया। आपने इस नरसंहार में शहीद हुए भारत माता के सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर गोली मारी गई, इससे शर्मनाक दिन कुछ और नहीं हो सकता है। शहीदों के प्रति 140 करोड़ देशवासियों के मन में गुस्सा एवं तीव्र आक्रोश है। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद अब देश नहीं सहेगा। अब इसका हिसाब होना चाहिए। हम माननीय प्रधानमंत्री जी से माँग करते हैं कि पाकिस्तान के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए आतंकवाद को जड़ से नष्ट किया जाए एवं पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल करने तक यह लड़ाई नहीं रूकना चाहिए। पूरा व्यापार–उद्योग एवं सम्पूर्ण देशवासी भारत सरकार के साथ हैं।

मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि इस कायराना हरकत की जितनी निंदा की जाए कम है। हम सब एकजुटता से भारत सरकार के साथ हैं और आतंकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हैं। आपने ओजस्वी नारों के साथ श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़े जनसैलाब से आक्रोश व्यक्त कराया।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित दाल बाजार व्यापार समिति के अध्यक्ष–श्री दिलीप पंजवानी, ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के सचिव–श्री महेश गेड़ा, ग्वालियर सेनेट्री डीलर्स एसोसिएशन से श्री दिनेश परमार, खेरीज किराना एसोसिएशन से श्री दिलीप खण्डेलवाल, माधवगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष–श्री आनन्द अग्रवाल, दुग्ध डेयरी व्यवसाय संघ के अध्यक्ष–श्री नरेन्द्र मांडिल, टोपी बाजार एसोसिएशन–श्री संदीप वैश्य, उपनगर सराफा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्री जवाहर जैन व सचिव–श्री अभिषेक गोयल (सत्री), पाटनकर बाजार एसोसिएशन से श्री आशीष जैन, ग्वालियर इण्डस्ट्री एसोसिएशन से श्री संजय धवन, लश्कर सराफा बाजार एसोसिएशन से श्री पुरुषोत्तम



जैन, तलवार बाड़ा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन से श्री अवधेश सिंह राठौड़, ग्वालियर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन से मुकेश आर्य, दि होलसेल क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसिएशन के मानसेवी सचिव–विजय जाजू, दौलतगंज व्यवसाय संघ के अध्यक्ष–जयंत खाण्डे, महारानी लक्ष्मीबाई मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष–मुकेश कुमार सिंघल, गालव डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन–श्री मनोज अग्रवाल ग्वालियर डिस्ट्रिक्ट पेट्रोलियम एसोसिएशन–अमित सेठी, रक्त अर्पण संस्था–श्री निर्मल संतवानी, चावड़ी बाजार एसोसिएशन–पंकज जायसवाल, रामबाग कॉलोनी एसोसिएशन–अमर सिंह ग्रोवर, जयेन्द्रगंज व्यवसायी संघ–श्री भरत बंसल, हुजरात मार्केट विकास समिति–श्री मनोज गुप्ता, टैक्सटाइल मार्केट एसोसिएशन–श्री नीखरा जी आदि संगठनों के पदाधिकारीगण, चेम्बर की कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में कारोबारियों द्वारा अपनी विनम्र भावपूर्ण श्रद्धांजलि आंतकी हमले में शहीद हुए भारत माता के सपूतों को व्यक्त की गई।

इस अवसर पर पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने एवं आतंकवाद को जड़ से मिटाने के ओजस्वी नारों की तख्तियाँ लेकर चेम्बर भवन से महाराज बाड़ा तक रैली निकालकर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ कड़ा विरोध–प्रदर्शन किया गया।

गूंजे भारत की ये पुकार – आतंकवादियो का हो नरसंहार
खून बहाना बंद करो, आतंकवादियों का अंत करो
जो आतंक फैलाएगा, चिता में जल जाएगा
जो भारत को आंख दिखाएगा, नक्शे से मिटाया जाएगा
पाकिस्तान आतंक का अड्डा, दुनिया से हो इसका सफाया
जब–जब भारत जागा है, पाकिस्तान काँपा है

पाक तेरे आतंकी, नहीं चलेंगे नहीं चलेंगे
भारत का एक ही नारा – आतंकवाद का हो अब किनारा
पाक प्रायोजित आतंकवाद – नहीं सहेगा हिंदुस्तान
हिंदुस्तानी जवान जिंदाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद
सौगंध हमें इस मिट्टी की आतंक को जड़ से मिटाएंगे
पीओके हमारा है, पाकिस्तान को ये बताना है



## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प :
## '119वें स्थापना दिवस' के अवसर पर
## 26 मई,24 को की गई घोषणानुसार
## 'वॉटर हार्वेस्टिंग' के लिए MPCCI की पहल

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# बूंद-बूंद से सागर : भूजल संचयन-भविष्य का संचय

**MPCCI** के 119वें स्थापना दिवस के अवसर पर की गई घोषणा के अनुसार संस्था द्वारा इसी क्रम में चेम्बर परिसर में वॉटर हार्वेस्टिंग सहित सोलर पैनल की स्थापना की गई। इसी के साथ सोलर फे यर का आयोजन सहित गुजरात में जाकर सोलर पैनल इण्डस्ट्रीज का भ्रमण किया। पर्यावरण संरक्षण के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी बरसात के पानी का संचय करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, वायु प्रदूषण व ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करें तथा पानी की बर्बादी को रोके।


वॉटर हार्वेस्टिंग : हम सभी को अपने घर व व्यवसायिक परिसर में वॉटर हार्वेस्टिंग की स्थापना अवश्य करनी चाहिए क्योंकि क्या आपने कभी सोचा है कि जिस अनमोल जल को हम आज इतनी आसानी से उपयोग कर रहे हैं, वह भविष्य में कितना दुर्लभ हो सकता है ? हमारी नदियाँ सूख रहीं हैं, भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है और जलवायु परिवर्तन ने इस संकट को और गहरा दिया है। आज इन परिस्थितियों में यदि हमने जल संरक्षण और जल संचयन की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल हो जाएगा।

'जल संचयन', वर्षा जल को एकत्र करने और उसे भविष्य में उपयोग के लिए सुरक्षित रखने की एक सरल और प्रभावी विधि है। यह कोई नई तकनीक नहीं है, बल्कि हमारी प्राचीन परम्परा का हिस्सा है। हमारे पूर्वजों ने तालाब, बावड़ी और कुएँ बनाकर जल के महत्व को समझा और उसे सहेजने का प्रयास किया। आज हमें उसी ज्ञान और दूरदर्शिता को फिर से अपनाने की आवश्यकता है। यदि हम अपने घरों की छतों से गिरने वाले वर्षा जल को एक टैंक में एकत्र करें, तो हम न केवल अपनी दैनिक जरूरतों के लिए पानी प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि भूजल स्तर क बढ़ाने में भी योगदान दे सकते हैं। कृषि के लिए जल संचयन तकनीकें अपनाकर हम सिंचाई के लिए वर्षा जल का उपयोग कर सकते हैं और पारंपरिक जल स्रोतों पर दबाव कम कर सकते हैं। यह केवल सरकार या कुछ संगठनों की जिम्मेदारी नहीं है। जल संचयन एक जन आंदोलन बनना चाहिए। हर व्यक्ति को इसके महत्व को समझना होगा और अपनी क्षमता के अनुसार इसमें योगदान देना होगा। छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम सब मिलकर 'जल संचयन' को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएँ। अपने घरों में, अपने व्यवसायिक परिसरों सहित अपने समुदायों में 'जल संचयन' की विधियों को अपनाएँ और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। याद रखें, बूंद-बूंद मिलकर सागर बनता है और हमारे छोटे-छोटे प्रयास ही कल के जल संकट को दूर करने में सहायक होंगे।

यह समय सोचने का नहीं, बल्कि कुछ करने का है। आइए, हम सब मिलकर अपने भविष्य को सुरक्षित करें और जल संचय कर, भूजल के गिरते हुए स्तर को बचाएँ। इसके लिए आवश्यक है कि आप-अपने घर व व्यवसायिक परिसर में 'वॉटर हार्वेस्टिंग' अवश्य कराएँ।

## वॉटर हार्वेस्टिंग हेतु सम्पर्क करें

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री पंकज तिवारी | मो. 9993928780 |
| 2. | श्री अरविन्द सिंह परिहार | मो. 7828183286 |
| 3. | श्री विक्रम सिंह | मो. 9826395361 |
| 4. | श्री संजय शांडिल्य | मो. 9301101818 |
| 5. | मेसर्स बी. के. एसोसिएट्स | मो. 7509843639 |
| 6. | श्री पंकज शर्मा | मो. 9752214660 |
| 7. | श्री मनीष सिंह, दौलतगंज | मो. 9301107271 |
| 8. | श्री रोहित सिंह | मो. 8109533695 |



## अप्रैल, 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* चेयरमैन, रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबंधक व प्रींसिपल चीफ मेकनीकल इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज को पत्र प्रेषित कर, महाकौशल एक्सप्रेस के कंडम कोच को बदले जाने की माँग की गई।
* चेयरमैन/सीईओ, इंडिगो एयरलाइन्स को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर से पुणे एवं ग्वालियर से इन्दौर के लिए सीधी विमान सेवा प्रारम्भ किए जाने की माँग की गई।
* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर 'चेम्बर भवन' में सभी 66 वार्डों का सम्पत्ति कर शिविर, आगामी माह में आयोजित किए जाने की माँग की गई।
* मुख्यमंत्री-माननीय डॉ. मोहन सिंह यादव, एमएसएमई मंत्री-माननीय श्री चैतन्य कुमार काश्यप सहित प्रमुख सचिव व आयुक्त, एमएसएमई विभाग, म. प्र. को पत्र प्रेषित कर, डीआईसी व नगर-निगम द्वारा उद्योगों से लिए जा रहे अलग-अलग दोहरे करारोपण को समाप्त करने की माँग की गई।
* महानिरीक्षक पंजीयन, वाणिज्यिक कर विभाग को पत्र प्रेषित कर, 31 मार्च, 25 को अति अत्याधिक भीड़ एवं सर्वर डाउन होने के कारण रजिस्ट्रियाँ न होने से जो स्लॉट 31 मार्च में बुक किए गए थे, उन सभी की रजिस्ट्री 31 मार्च में ही कराए जाने की माँग की गई।
* ऊर्जा मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को पत्र प्रेषित कर, म. प्र. श्रम सलाहकार परिषद के पुनर्गठन हेतु संस्था द्वारा श्रमायुक्त, इन्दौर की ओर प्रेषित किए गए, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-श्री जगदीश मित्तल के नाम को नामांकित कराने की माँग की गई।
* महाप्रबंधक, सिटी सर्किल, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. को पत्र प्रेषित कर, स्मार्ट मीटर के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई।
* श्रम आयुक्त, इन्दौर को पत्र प्रेषित कर, म. प्र. श्रम सलाहकार परिषद के पुनर्गठन हेतु चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा प्रस्तुत किए गए पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-श्री जगदीश मित्तल के नाम को नामांकित करने की माँग की गई।
* प्रधानमंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नाम एसडीएम, लश्कर को ज्ञापन सौंपकर, पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की माँग की गई।
* जिलाधीश, ग्वालियर को जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक में स्थानीय उद्योगों की विभिन्न समस्याओं पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।
* आयुक्त नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, शहर में भूजल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु सभी शासकीय भवनों में 'वॉटर हार्वेस्टिंग' कराए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने की माँग की गई।

## चैक प्राप्त करते समय रखने योग्य सावधानियाँ

**एडवोकेट, श्री भूपेन्द्र सिंह चौहान**

1. चेक लेते समय खाताधारक की जानकारी होनी चाहिए। हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति वही हो, जो उस खाते का धारक हो।
2. चेक देने वाले व्यक्ति का फर्म से क्या संबंध है, इसकी जानकारी होना आवश्यक है।
3. चेक पूरी तरह भरकर ही लेना चाहिए। ब्लैंक चेक नहीं लेना चाहिए।
4. माल की सुपुर्दगी का प्रमाण या पावती अधिकृत व्यक्ति से ही लेनी चाहिए।
5. चेक प्राप्त होने का रिकॉर्ड अवश्य रखना चाहिए।
6. चेक प्राप्ति की तारीख से 03 महीने अथवा चेक पर दर्शायी गई निर्धारित अवधि के भीतर कितनी भी बार चेक बैंक में प्रस्तुत किया जा सकता है।
7. बैंक में चेक जमा करते समय काउंटर स्लिप की प्रति अवश्य रखनी चाहिए।
8. चेक लेते समय, चेक देने वाले से हस्ताक्षर सामने ही करवाने चाहिए।
9. चेक डिसअश्वनर होने की जानकारी मिलते ही बैंक से डिसऑनर चेक की प्रति प्राप्त करनी चाहिए, तथा चेक प्राप्ति की तारीख अवश्य अंकित करनी चाहिए।
10. बैंक से चेक वापस लेते समय, मेमोरेंडम पर बैंक की मुहर एवं अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए।
11. चेक डिसऑनर होने की सूचना प्राप्त होते ही तुरंत अपने कानूनी सलाहकार/अधिवक्ता से संपर्क करना चाहिए।

### चेक देते समय ध्यान रखने योग्य बातें

1. ब्लैंक चेक किसी को भी नहीं देना चाहिए।
2. बैंक चेक अथवा सुरक्षा के रूप में चेक देने की स्थिति में एक एग्रीमेंट अवश्य होना चाहिए, जिसमें चेक देने का कारण तथा इसका उपयोग कैसे होगा, यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो।
3. अग्रिम सुरक्षा के रूप में चेक देने की स्थिति में, यदि माल प्राप्त नहीं होता है तो तुरंत नोटिस देना चाहिए। माल देने में टालमटोल होने पर बैंक में कारण सहित स्टॉप पेमेंट लगाना चाहिए, और उसकी पावती अपने पास रखनी चाहिए।
4. चेक पर दर्शाई गई तारीख एवं उसकी वैधता अवधि में खाते में उतनी राशि उपलब्ध होनी चाहिए।
5. यदि अन्य माध्यम से भुगतान कर दिया गया हो, तो तुरंत चेक वापसी की मांग करनी चाहिए।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

## वार्षिक साधारण सभा की बैठक वार्षिक सदस्यता शुल्क के संबंध में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

**अब सदस्यता शुल्क पैटे एकमुश्त अग्रिम राशि भी जमा कर सकेंगे सदस्य**

वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 29 मार्च 2025 में निर्णय लिया गया कि ऐसे सदस्यगण जो वार्षिक सदस्यता शुल्क पेटे एडवांस जमा कराना चाहते हैं, वह एडवांस राशि जमा करा सकते हैं। जमा राशि में से प्रत्येक वर्ष उनकी फर्म का वार्षिक सदस्यता शुल्क, जो कि देय होगा, ले लिया जाएगा और राशि कम पड़ने अथवा समाप्त होने पर सदस्य को सूचित कर दिया जाएगा।

## आवश्यक सूचना

सम्माननीय सदस्य महानुभावों,

नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26 का सदस्यता शुल्क दिनांक 1 अप्रैल, 2025 से देय हो गया है।

सदस्यता शुल्क को बगैर अधिभार के दि. 30 जून, 25 तक जमा किया जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् रु. 200/- प्रतिवर्ष अधिभार की राशि देय होगी।

* पब्लिक लिमिटेड कं. : रु. 2500+GST (18%)
* प्रायवेट लिमिटेड कं. : रु. 1250+GST (18%)
* साधारण सदस्य : रु. 750.00

## कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 29 अप्रैल एवं 01 मई 2025 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-

* नवीन भवन निर्माण के संबंध में कार्यकारिणी समिति को जानकारी दी गई।
* समूह परिवर्तन किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार कर, निम्नानुसार समूह परिवर्तन किए जाने का निर्णय लिया गया :-

(I) मेसर्स रामजीत सिंह सचिन सिंह, समूह क्र.-38 (विवाह व्यवसाय) से समूह क्र.-40 (चाय एवं फल व्यवसाय) में किए जाने.

(II) मेसर्स आर. आर. ट्रेडिंग कं., समूह क्र.-42 (अन्य व्यवसाय) से समूह क्र.-40 (चाय एवं फल व्यवसाय) में किए जाने.

* 120वे स्थापना दिवस आयोजन को भव्य रूप से आयोजित किए जाने का निर्णय लिय गया।
* MPCCI की बैंक में जमा धनराशि (एफ.डी.) के संदर्भ में कार्यकारिणी समिति को जानकारी दी गई।

चेम्बर का वर्ष 2025-26 का सदस्यता शुल्क देय हो गया है। आप इस शुल्क को घर बैठे ही ऑनलाइन जमा सकते हैं और रसीद भी ऑनलाइन ही प्राप्त कर सकते है।

सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए आसान प्रक्रिया –

### Procedure to pay MPCCI Fee online

Step 1: Visit the member portal:

https://members.mpcci.in

Step 2: Enter your 10-digit registered mobile number and request an OTP for login.

Step 3: Enter the OTP received on your registered mobile number to log in.

Step 4: After login, click on the Menu icon (three lines) to open the side menu.

Step 5: If you have any pending fee, it will be shown at the top of the side menu.

Click on "Pay Now" to proceed with the payment.

Step 6: After successful payment, you can view/download your previous payments and receipts under the "Receipts" option in the side menu.आपकी सुविधा के लिए हम सदैव तत्पर हैं

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917